कृषि यंत्र बैंक

चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2021 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा '**रबी महाभियान**' प्रारंभ करते ही कृषि विभाग ने इसके लिये विभिन्न योजनाओं की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- कृषि विभाग की घोषणा के अनुसार, राज्य के 13 ज़िलों में सरकार द्वारा 328 कृषि यंत्र बैंकों की स्थापना की जाएगी।
- इन यंत्र बैंकों की स्थापना बिहार के नवादा, कटिहार, बेगूसराय, शेखपुरा, अररिया, खगड़िया, पूर्णिया, गया, औरंगाबाद, बांका, जमुई, मुज़फ्फरपुर, सीतामढ़ी जैसे आकांक्षी ज़िलों में की जाएगी।
- यंत्र बैंक की स्थापना किसान समूहों के माध्यम से की जाएगी तथा इन समूहों के द्वारा कृषि यंत्र आसपास के किसानों को किराए पर दिये जाएंगे।
- कृषि यंत्र बैंकों के लिये सरकार 80 प्रतिशत अनुदान देगी, जिसकी अधिकतम सीमा 8 लाख रुपए तय की गई है।
- इसके अतिरिक्त पटना एवं मगध प्रमंडल में 25 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर भी बनाने का प्रावधान किया गया है।
- उपरोक्त दोनों योजनाओं की शुरुआत इसी रबी मौसम में की जाएगी तथा तकनीकी ट्रेनिंग के लिये 40 हज़ार किसानों को एक्सपोजर विज़िट कराया जाएगा, जिसमें उन्हें जलवायु अनुकूल कृषि के तहत चल रहीं विभिन्न योजनाओं को फील्ड में ले जाकर दिखाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agricultural-machinery-bank